दैनिक जागरण 08/01/2025

जीएमएन कालेज के सात छात्र इंटर्नशिप के लिए चयनित

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के सात विद्यार्थियों ने अलायंस विजन समर इंटर्नशिप में सफलता हासिल की है। चयन प्रक्रिया के बाद इन विद्यार्थियों को बतौर वेतनभोगी इंटर्नशिप मिलेगी, जिसमें दस से पंद्रह हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा।

इन विद्यार्थियों में भावी शर्मा (एमबीए), खुशी (एमबीए), मनीषा खुराना (बीबीए), मयंक शर्मा (बीबीए), मोहिनी वर्मा (बीबीए), पलक राजपूत (बीबीए), सजल यादव (बीबीए) शामिल हैं। कालेज की करियर रिसोर्स कमेटी की संयोजक डा. भारती सुजान ने बताया कि कालेज के लिए यह गर्व का क्षण है।

यह छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों के चयन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कालेज के छात्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। सीआरसी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर (टीपीओ) सहायक प्राध्यापक कमलप्रीत कौर ने बताया कि चयनित छात्रों को उनके आफर लेटर भेज दिए गए हैं।